(Pages : 2)

F – 2168

Reg. No. : ....

Name : ....

First Semester B.Com. LL.B. (Five Year Integrated) Degree Examination, December 2018

Paper – II – HN 1111.2 (Additional Language – Hindi)

Paper – II : PROSE, COMMERCIAL HINDI AND LETTER WRITING

Time : 3 Hours

Max. Marks : 80

I. दो – तीन वाक्यों में किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1) नये सौन्दर्यशास्त्र का आधार केवल क्या है ?

2) सामाजिक जीवन में क्रोध की ज़रूरत क्या है ?

3) व्यावसायिक पत्रों की दो विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

4) 'कफन' कहानी में अलाव किसका प्रतीक है ?

5) त्वचा के सौन्दर्यीकरण का सबसे बडा शिकार कौन है ? और क्यों ?

6) 'इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर' में पुलीस व्यवस्था की कौन सी असलियत को प्रस्तुत करता है ?

7) ताज की भव्य स्मृति क्या-क्या प्रस्तुत करती है ?

(5×2=10 Marks)

II. सौ – सौ शब्दों में चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

8) प्रेमचिह्न के रूप में ताज की रम्यता पर प्रकाश डालिए ।

9) विज्ञापन और नया सौन्दर्यशास्त्र आजकल स्त्री की कौन–सी छवि हमारे सामने प्रस्तुत करते है ?

10) व्यावसायिक पत्र का प्रारूप क्या है ?

11) समाज और मानव मन में क्रोध विकार का प्रभाव क्या है ?

12) "कैसा बुरा रिवाज़ है कि जिसे जीते जी तन ढँकने को चीथडा भी न मिले, मरने पर नया कफन चाहिए " – प्रस्तुत वाक्यों में" प्रेमचन्द जी ने कौन सी सामाजिक विडंबना को प्रस्तुत किया है ?

13) पत्र के अंग क्या-क्या है ?

(4×4=16 Marks)

P.T.O.

III. किन्ही **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

14) क्रोध मनोविकार की क्या-क्या विशेषताएँ है ?

15) धीसू और माधव भारतीय सामंती शोषण व्यवस्था के प्रतीक हैं स्पष्ट कीजिए ।

16) हरिशंकर परसाई जी की व्यंग्य विशेषताओं पर विचार कीजिए ।

17) प्रेमचन्द की कहानियाँ सामान्य जनता और शोषितों के पक्ष में हैं – अपना विचार प्रस्तुत कीजिए ।

18) 'इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर' कहानी में भ्रष्टाचार को किस प्रकार से प्रकट किया है ?

19) भारतीय इतिहास में ताजमहल कौन-से प्रयत्न का महानतम और भव्य उदाहरण है ? **(4×6=24 Marks)**

IV. किन्ही **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

20) 'कफन' कहानी में चित्रित सामाजिक विसंगति पर विचार कीजिए ।

21) व्यवस्थापक तक्षशिला प्रकाशन मुंबई को संलग्न सूची के अनुसार किताबें न भेजने के कारण, एक शिकायती पत्र तैयार कीजिए ।

22) प्राध्यापक के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र तैयार कीजिए ।

23) व्यंग्य कहानी के रूप में 'इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर' कहानी की सार्थकता पर विचार कीजिए ।

24) आपके निजी पुस्ताकलप के लिए कुछ हिन्दी पुस्तके माँगते हुए वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली के प्रकाशक के नाम एक आदेश पत्र तैयार कीजिए । **(3×10=30 Marks)**

____